# खान विभाग ने अप्रेल-जुलाई तक मात्र 4 माह में 2797 करोड़ का राजस्व कमाया

## मुख्यमंत्री व खनन मंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य का माइंस विभाग राजस्व अर्जन से लेकर माइनिंग ब्लॉक्स नीलामी में माह दर माह नया रिकॉर्ड कायम कर रहा है

**जयपुर ।** माइंस विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण में नया इतिहास रचते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले चार माह में गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 29 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 2797 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण किया हैं। खास बात यह है कि जुलाई, 23 की तुलना में जुलाई, 24 की राजस्व संग्रहण की विकास दर 69 प्रतिशत अधिक रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जो स्वयं खान मंत्री भी है, के नेतृत्व व मार्गदर्शन में राज्य का माइंस विभाग राजस्व अर्जन से लेकर माइनिंग ब्लॉक्स के ऑक्शन आदि में माह दर माह नया रिकॉर्ड कायम करता जा रहा है। गौरतलब है कि मेजर माइंस की नीलामी में राजस्थान समूचे देश में पहले नंबर पर आ गया है।

मुख्य सचिव सुधांश पंत और माइंस एवं पेट्रोलियम सचिव आनन्दी द्वारा राज्य स्तर पर माइंस विभाग की वसूली सहित प्रमुख गतिविधियों की नियमित मोनेटरिंग की जा रही है। सरकारी राजस्व की छीजत रोकने, राजस्व बढ़ाने के लिए विभागीय मॉनेटरिंग व्यवस्था को मजबूत करने और नियमित समीक्षा के परिणाम स्वरुप माइंस विभाग को रेकार्ड राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय सफलता मिली है।

**■ सर्वाधिक राशि संग्रहण में भीलवाड़ा पहले व राजसमंद दूसरे पायदान पर रहा**

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष के शुरुआती चार माह में 2163 करोड़ 70 लाख रुपए का राजस्व अर्जित हुआ था जबकि इस वित्तीय वर्ष में 29 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 2797 करोड़ रु. का राजस्व अर्जित किया गया है। एसएमई वृत कार्यक्षेत्र में राजसमंद 133.24 प्रतिशत लक्ष्य अर्जित कर प्रदेश में पहले पायदान पर पहुंच गया है। एसएमई वृत कार्यालयों में भरतपुर, दूसरे व अजमेर तीसरे स्थान पर रहे हैं। इसी तरह से राशि की दृष्टि से सर्वाधिक 587 करोड़ का राजस्व एमई भीलवाड़ा श्री चंदन कुमार ने वसूल किया हैं वहीं 427 करोड़ की वसूली के साथ एमई राजसमंद द्वितीय श्री ललीत बाछरा रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष के जुलाई माह में राजस्व अर्जन में 68 प्रतिशत की रिकार्ड ग्रोथ रही है वहीं वित्तीय वर्ष के अप्रेल से जुलाई तक पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में समग्र रुप से 29 फीसदी ग्रोथ रही है।

अप्रेल से जुलाई के चार माह में एसएमई राजसमंद अनिल खमेसरा की टीम ने 503 करोड़ 27 लाख का राजस्व वसूली 133.28 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। एसएमई भरतपुर श्री हरीश गोयल के मार्गदर्शन में 118 करोड़ 75 लाख राजस्व वसूली कर 121.89 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की है। अजमेर एसएमई जय गुरुबख्सानी के कार्यक्षेत्र में 208 करोड़ 32 लाख की वसूली कर 108 प्रतिशत से अधिक वसूली की है। इसी तरह से राजस्व वसूली में एसएमई जयपुर एनएस शक्तावत, बीकानेर धर्मेन्द्र लुहार, जोधपुर भीमसिंह के कार्यक्षेत्र में भी 100 प्रतिशत से अधिक राजस्व संग्रहण रहा है। राशि की दृष्टि से सर्वाधिक 587 करोड़ की एमई भीलवाड़ा चंदन कुमार ने और एमई राजसमंद द्वितीय ललीत बाछरा ने 427 करोड़ की वसूली कर पहले और दूसरे नंबर पर रहे है।

अतिरिक्त निदेशक माइंस के कार्यक्षेत्रानुसार कोटा जोन के महावीर प्रसाद मीणा के जोन में 110.42 प्रतिशत, उदयपुर दीपक तंवर के जोन में 110.18 प्रतिशत, जयपुर बीएस सोढ़ा के जोन में 103.81 प्रतिशत और जोधपुर वाईएस सहवाल के जोन में 103.34 प्रतिशत राजस्व संग्रहण रहा है। एमई जयपुर श्याम कापड़ी, गोटन, भरतपुर, जालौर, राजसमंद प्रथम व द्वितीय सहित 49 में से 20 एमई, एएमई कार्यालयों में 100 प्रतिशत से भी अधिक राजस्व संग्रहण रहा है।

# सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय में महिला ने 4 बच्चों को जन्म दिया

## सांस लेने में तकलीफ होने के कारण सभी बच्चों को एन.आई.सी.यू. में भर्ती किया गया

**जयपुर ।** राजधानी के सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय में एक गर्भवती महिला ने एक साथ चार स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया। इनमें दो लड़के और दो लड़कियां। बच्चों के जन्म के बाद उन्हें सांस लेने में थोड़ी तकलीफ होने पर उन्हें नर्सरी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।


महिला चिकित्सालय अधीक्षक डॉक्टर आशा वर्मा ने बताया कि दौसा की रहने वाली संतोष प्रजापति (21) को 4 अगस्त को हॉस्पिटल की यूनिट-6 में भर्ती किया गया था। सोमवार को सुबह करीब 8 बजे महिला को डिलीवरी के लिए उसे ओटी में लेकर गए, जहां नॉर्मल डिलीवरी के जरिए महिला ने 4 बच्चों को जन्म दिया। बच्चों का वजन कम होने के कारण उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है। इसमें 2 बच्चे तो एक-एक किलोग्राम वजन के हैं, जबकि एक बच्चा 700 ग्राम और एक 930 ग्राम का है। डॉक्टर ने बताया कि महिला अभी स्वस्थ्य है, लेकिन बच्चों को सांस लेने में थोड़ी तकलीफ है। उन्होंने बताया कि महिला को गर्भवती होने के दौरान एनीमिया की भी शिकायत थी। इसका इलाज इसी अस्पताल में चल रहा है।

एनआईसीयू के इंचार्ज और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विष्णु अग्रवाल ने बताया कि चारों बच्चे अभी एनआईसीयू यूनिट में भर्ती है और उनको ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा है। डिलीवरी समय से पहले हुई है, इस कारण बच्चे अभी बहुत छोटे हैं। उनका वजन भी कम है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि नॉर्मल जो बच्चे जब पैदा होते है तो उनका वजन ढाई किलोग्राम या उससे ज्यादा होता है। इन बच्चों में वजन बहुत कम है। इसलिए कॉम्प्लीकेशन ज्यादा रहता है। बच्चों के फेफड़ों में थोड़ी दिक्कत है, इसलिए उनको सांस लेने में तकलीफ हो रही है। डॉक्टर ने बताया कि बच्चों को अच्छे से अच्छा ट्रीटमेंट दिया जा रहा है, ताकि वे जल्दी नॉर्मल हो सके।

### गांठ से बचाकर स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया

गंभीर बीमारी से जूझ रही गर्भवती महिला के जटिल पांचवें सी-सेक्शन ऑपरेशन कर गांठ से बचाकर एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। इससे पहले महिला को गंभीर प्रीक्लेम्प्सिया और चार पहले के सी-सेक्शन, आंरएच निगेटिव गर्भावस्था, विशाल यूटेराइन फाइब्रॉयड, एनीमिया और पेट में दर्द की स्थिति में महिला को टोंक से रेफर किया गया था। डॉक्टरों ने अत्यधिक सावधानी और विशेषज्ञता के साथ इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक संपन्न किया। जिसके परिणामस्वरूप महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। ऑपरेशन के दौरान महिला की मायोमेक्टोमी भी की गई, जो कि एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है। डॉक्टरों ने बताया कि इस प्रकार के मामलों में विशेष सावधानी की जरूरत होती है।

# एस.के.आई.टी. में कोहा हैंड्स ऑन वर्कशॉप संपन्न



**जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान और राजस्थान तकनीकी पुस्तकालय संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कोहा हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का समापन हुआ। यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान के लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. महेंद्र सिंह राव ने इस अवसर पर लाइब्रेरी के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला और इस तरह की वर्कशॉप के आयोजन को और बढ़ाने पर बल दिया।

वर्कशॉप के समापन समारोह में एसकेआईटी के डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ. एस.एल. सुराना ने मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के लाइब्रेरियन डॉ. ऋषि कुमार तिवारी और महिला अभियान्त्रिकी महाविद्यालय, जयपुर के लाइब्रेरियन डॉ. रोशन चौधरी को संघ के प्रतिष्ठित पुरस्कारों आरटीएलए रतन और आरटीएलए साइनिंग से सम्मानित किया। इस अवसर पर संघ के पैट्रन डॉ. राजकुमार भाकर ने डॉ. ऋषि तिवारी और डॉ. रोशन चौधरी के संघ में योगदान के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। इस अवसर पर संगीता पंवार और सोनू राठौर को भी संघ में उनके योगदान के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

सभी प्रतिभागियों को इस अवसर पर सर्टिफिकेट वितरित किए गए। वर्कशॉप के आयोजन सचिव डॉ. दल्ला राम भींचर और संयोजक कमर अब्बास ने वर्कशॉप के संसाधन व्यक्ति डॉ. मुकेश पाठक और मिलिंद शर्मा के साथ सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया।

# शिक्षिका ने छात्रा को चोटी पकड़कर जमीन पर पटका

**जयपुर ।** राजधानी के बनीपार्क स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में 10 साल की मासूम छात्रा को टीचर ने चोटी पकड़ कर बेंच से नीचे पटक दिया। इससे बच्ची के हाथ में भी मोच आ गई। ये घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं, इस मामले पर अब शिक्षा मंत्री ने जांच के आदेश देते हुए दोषी शिक्षिका पर कार्रवाई की बात कही है।

एक तरफ शिक्षा महकमा प्रदेश के सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता लाने के प्रयास में जुटा है, ताकि स्कूलों में नामांकन बढ़ाया जा सके और छात्रों के ड्रॉप आउट की समस्या खत्म हो। वहीं, राजधानी के सरकारी स्कूल से कुछ ऐसी तस्वीर सामने आई, जिससे अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से ही कतराएंगे। मामला बनी पार्क स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय का है, जहां 3 अगस्त को गुस्साई शिक्षिका ने क्लास के दौरान बेरहमी से बच्ची की चोटी पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया। इससे छात्रा के हाथ में मोच आई। ये पूरा वाकया सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि लेवल-2 की टीचर के खिलाफ इससे पहले भी बच्चों से मारपीट की शिकायतें मिल चुकी हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं।


## सार-समाचार

### अभिलाषा सोसायटी का स्थापना दिवस



**जयपुर ।** अभिलाषा वुमेन वेलफेयर सोसाइटी ने एटर्नल हॉस्पिटल के सभागार में अपना 18वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन एटर्नल हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। कैंसर के प्रति जागरूकता को समर्पित स्थापना दिवस कार्यक्रम में कैंसर से जंग जीत चुके लोगों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सूर्य उदय संगठन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रानी शोभल सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में सीमा जैन, शिल्पा भाटी, डॉ कांता धवन, गायत्री देवी, शारदा सिंघानिया, दीपक माथुर, ज्योति बंसल, डॉ हेमलता भारती, रेणु माथुर, अलका माथुर और अनुराधा शेखावत शामिल हैं। इस अवसर पर कैंसर के प्रति जागरूकता को लेकर व्याख्यान भी हुआ जिसे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ वर्षा बुंदेले ने संबोधित किया। सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ रमा माथुर ने सोसाइटी की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। स्थापना दिवस के मौक़े पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मित्रता दिवस के उपलक्ष में सदस्यों ने एक दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांध कर शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम की रूपरेखा एडवोकेट रिमझिम माथुर ने तैयार की और कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया। इस अवसर पर सोसाइटी के अन्य पदाधिकारी डॉ अंटू सक्सेना, कल्पना, विजयलक्ष्मी, जया कल्ला, अनुराधा, भारती, संगीता, कृष्णा, अलका, रूपा शर्मा, निर्मला सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

### शोधार्थियों को फील्ड विजिट कराया



**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान विश्वविद्यालय के व्यावसायिक प्रशासन विभाग में शोधार्थियों को आज रिसर्च फील्ड विजिट कराया गया। रिसर्च फील्ड विजिट "कोगटा फाइनेंसियल इंडिया लिमिटेड" के गोपाल बाड़ी ऑफिस में करवाया गया जिसमे मुख्य वक्ता ओम प्रकाश अग्रवाल (नेशनल क्रेडिट मैनेजर-कोगटा फाइनेंसियल) ने विशेष सत्र में फिनटेक-विकास का एक नया प्रतिमान : रुझान और अवसर पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रदीप शर्मा ने बताया की शोधार्थियो के लिए रिसर्च फील्ड विजिट एक नया दृष्टिकोण लाता है और साथ में उनका रिसर्च के प्रति उत्साह भी बना रहता है। इस विजिट में मुख्य वक्ता ने बताया कि फिनटेक उद्योग एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गया है, जो नवाचार और वित्त के चौराहे पर खड़ा है और विकास तेज और उग्र रहा है, जो बैंकिंग क्षेत्र की मजबूत वृद्धि, तेजी से डिजिटलीकरण, ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं और निवेशकों और नियामकों के बढ़ते समर्थन से उत्साहित है। साथ ही यह भी बताया कि फिनटेक उद्योग एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिसमे बने रहने के लिए विकसित होना होगा।। रिसर्च फील्ड विजिट की व्यवस्था व संचालन डॉ. यदुवीर यादव ने विभाग के अन्य शिक्षक के मार्गदर्शन में किया जिसमे प्रो. नवीन माथुर , प्रो. मुकेश जैन, प्रो. बिंदु जैन एवं विभाग के निशांत स्वामी शामिल रहे।

### सारस्वत मंडल ने मनाया तीज महोत्सव




**जयपुर ।** सारस्वत महिला मंडल जयपुर की ओर से तीज महोत्सव 2024 का आयोजन रविवार को होटल पॉम स्टे में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 60 महिलाएं एक मंच पर आई और अपना हिडन टैलेंट शोकेस किया और जमकर मस्ती की है। इस आयोजन में सभी उम्र की महिलाएं शामिल रहीं। महिलाएं रंग बिरंगी पोशाकें पहनी सोलह सिंगार में आई। डांस, रैंप वॉक टैलेंट राउंड तीज स्पेशल हाउजी सावन के थीम पर आधारित बॉलीवुड गायन वादन, संगीत और नृत्य के साथ कर मन मोह लिया । कार्यक्रम का आरंभ तिलक और बैच लगाकर किया गया। तीज माता की पूजा की गई। डॉक्टर सरीना कालिया ने तीज का महत्व बतलाया। फिर सावन पर आधारित स्पेशल हाउजी खेली गई। एंकर राखी ने ग्रीन चीजों वाला गेम खिलाया गया व पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी ममता सारस्वत थी। फैशन शॉ के अतिथि व निर्णायक के तौर पर समाजसेवी ममता शर्मा, आयुषी शेखावत ने शिरकत की। महिला मंडल की अध्यक्षा कुलदीप शर्मा ने कहा कि तीज का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम को बढ़ाने का त्योहार है। कार्यक्रम में तीज महारानी का खिताब निर्मल अमन को, तीज रानी का टाइटल मनीषा शुक्ला को एवं तीज राजकुमारी का प्रशंसा सारस्वत को मिला। बेस्ट ड्रेस अप के लिए रूपाली, एनर्जी फुल डांस के लिए बरखा सारस्वत एवं प्रकाश सारस्वत को प्राइज, मेरे हाथों में खूब-खूब चूड़ियां हैं, के लिए उषा अमन को प्राइज दिया। 16 श्रृंगार के लिए रीमा शुक्ला, हाथ में मेहंदी से पति का नाम लिखवाने पर डॉ .पूनम कालिया को गिफ्ट मिले। और तमाम विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# 'हरियाणा में सभी फसलें एम.एस.पी. पर खरीदने की घोषणा ऐतिहासिक'

**■ भाजपा ने ओ.बी.सी. वर्ग से सामान्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया, ऐसी हिम्मत क्या राहुल गांधी कर सकते हैं : डॉ. सतीश पूनिया**

**चंडीगढ़/जयपुर।** भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने पंचकुला में मीडिया से बातचीत में कहा कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार का सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने का निर्णय किसानों के हक में बड़ा फैसला है, जो एनडीए की मोदी सरकार की किसान हितैषी नीतियों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है।

सीएम नायब सैनी का किसानों के हित में लिया गया निर्णय यह चरितार्थ करता है कि भाजपा और केंद्र की एनडीए की नरेंद्र मोदी सरकार ही अन्नदाताओं की सच्ची हितैषी है। नायब सरकार के इस नायाब फैसले से हरियाणा के किसान और समृद्ध होंगे, उन्हें नई ताकत मिलेगी तथा देश की अर्थव्यवस्था में सहायक बनेंगे। डॉ. पूनिया सोमवार को पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान और हरियाणा के किसानों की सुध लेने का सबसे पहला काम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की सौगात देकर किया था और इस काम को मजबूती देने का काम नरेंद्र मोदी सरकार कल्याणकारी नीतियों से कर रही है।

पूनिया ने कांग्रेस को भी घेरा, उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोटों के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है, जबकि भाजपा सभी वर्गों का समान रूप से विकास कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि भाजपा 10 वर्षो से अन्नदाताओं को सही मायने में समृद्ध बनाने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसानों के लिए जो बड़ी-बड़ी घोषणाएं की है वास्तव में यह एक क्रांतिकारी कदम है। किसानों का 133 करोड़ रुपये माफ करना बहुत ही बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री को साधुवाद देते हुए पूनिया ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने किसानों को ताकत और संबल देने का काम किया है।

# बॉयफ्रेंड ने युवती के घर आकर दुष्कर्म किया

**जयपुर ।** चित्रकूट थाने में एक बॉयफ्रेंड द्वारा युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि आरोपित मिलने के बहाने घर आया और उससे जबरदस्ती दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी करने का वादा किया। थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि चित्रकूट निवासी 34 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात नीरज से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपित ने उससे दोस्ती कर ली। आरोप है कि मार्च-2024 में आरोपित बॉयफ्रेंड नीरज मिलने के बहाने घर पर आया। घर पर अकेला पाकर आरोपित ने उससे जबरदस्ती की। विरोध करने पर आरोपित ने शादी करने का वादा किया। शादी करने का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। प्रेग्नेंट होने के दौरान शादी करने का दबाव बनाने पर दो साल का समय मांगा। कुछ दिनों पहले शादी करने की कहने पर मना कर दिया। आरोपित के घरवालों को इस बारे में बताने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। धोखे का पता चलने पर पीड़िता थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। दूसरी ओर मानसरोवर इलाके में दोस्ती कर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता आरोप है कि शादी करने का वादा कर आरोपित उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पिछले तीन साल तक शादी करने के लिए झूठ बोलकर धोखा देता रहा।

# जलदायकर्मियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई

**जयपुर ।** राजस्थान वाटर सप्लाई एंड सीवरेज कॉरपोरेशन को लेकर विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को जलदाय कर्मचारियों ने जल भवन पर सरकार के खिलाफ हल्ला बोला और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल भवन पर सभा करने के बाद अचानक कर्मचारियों ने सीएम हाउस की तरफ कूच कर दिया। पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोकने की भी कोशिश की तो पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का मुक्की भी हुई।

राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि यह काला कानून है। हमारी मांग है कि इसके बिंदु 23 को हटाया जाए। आरडब्ल्यूएसएससी में कर्मचारियों को बर्खास्त करने का प्रावधान है। एक नोटिस के जरिए उन्हें बर्खास्त किया जा सकता है। बोर्ड बनने से कर्मचारियों को तो नुकसान है ही, साथ ही आम जनता का बिल भी कई गुना बढ़ जाएगा। बोर्ड बनाकर कर्मचारियों का अस्तित्व खत्म किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से वार्ता के लिए कोई निमंत्रण नहीं आया। सरकार ने सीएम आवास तक कूच करने के लिए हमें मजबूर किया है, इसीलिए हमने सीएम हाउस तक कूच किया। आंदोलन इसी तरह से जारी रहेगा, यदि सरकार हमारी मांग नहीं मानती है तो अगले 15 दिनों में फिर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा

**■ राजस्थान वाटर सप्लाई एंड सीवरेज कॉरपोरेशन के विरोध में सड़कों पर उतरे थे कर्मचारी**

संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप यादव और महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जलदाय कर्मचारी जल भवन पर एकत्र हुए। यहां उन्होंने जलदाय विभाग का निजीकरण करने का विरोध किया। साथ ही आरडब्ल्यूएसएससी का भी विरोध जताया और कहा कि जब तक सरकार बोर्ड बनाने की अधिसूचना को वापस नहीं लेती है तब तक इनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। जल भवन पर प्रदर्शन के बाद कर्मचारी सिविल लाइंस स्थित सीएम हाउस की तरफ बढ़ने लगे और रास्ते में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जलदाय कर्मचारियों को रोका। इस दौरान दोनों के बीच धक्का मुक्की भी देखने को मिली। पीडब्ल्यूडी के सामने कर्मचारियों ने आरडब्ल्यूएसएससी की अधिसूचना की होली भी जलाई। इसके बाद कर्मचारी समझाइश के बाद जल भवन वापस पहुंच गए। जल भवन लौटने के बाद जलदाय कर्मचारियों ने जलदाय मंत्री, विभाग के शासन सचिव और अन्य अफसरों के खिलाफ नारेबाजी की।

# जिम संचालक से मारपीट कर लूटपाट

**जयपुर ।** मानसरोवर इलाके में जिम संचालक से मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस अनुसार जिम मालिक रोहित चौधरी ने मामला दर्ज करवाया है कि वह मानसरोवर के मांग्यावास में अपने दोस्त बैधनाथ गुर्जर के साथ स्काय फिटनेस जिम चलाता है। रविवार को आधा दर्जन से अधिक लोग जिम में आए और दोनों से मारपीट करना शुरू कर दिया। बदमाशों ने जिम में तोड़फोड़ की। वहीं जिम में रखे हुए पैसे और एक सोने की चैन लूट कर ले गए। उनके साथ नवरत्न पूनिया व जीवराज नाम के युवक थे। इनके कहने पर उन लड़कों ने हमारे ऊपर हमला कर दिया। बदमाशों ने साथ में लाए हुए लाठी, डंडो और सरिये से मारपीट करना शुरू कर दिया। चीखे सुनते ही वैधनाथ गुर्जर बाहर निकला तो उसके ऊपर भी सरिये व डंडो से मारपीट करना शुरू कर दी। इसी दौरान बदमाशों ने रूम में रखे हुए 1 लाख 92 हजार रुपए सहित एक सोने की चैन लूट ली। घटना के बाद सभी बदमाश मौके से भाग छूटे। पीड़ित ने लूटपाट और मारपीट करने वाले युवकों के साथ उनका कोई पुरानी रंजिश नहीं हैं। इन लोगों ने केवल लूट के लिए यह वारदात की हैं।

# पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन के चलते बिजली निगमों पर 1.39 लाख करोड़ रुपए का कर्ज हुआ : हीरालाल नागर

**■ 'पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने महंगी दरों पर खरीदा घटिया कोयला, कोयले की जगह मिली राख, परिणामस्वरूप राजस्थान में बंद हुए कई थर्मल प्लॉट'**

**■ 'डबल इंजन की सरकार में फीडरों के सेग्रीगेशन कार्य के लिए आरडीएसएस योजना में स्वीकृत किया 7896 करोड़ रुपए का बजट'**

**जयपुर (कासं)।** भाजपा सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने आज प्रेसवार्ता कर राज्य सरकार की ओर से ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार को बताया तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर कुप्रबंधन के साथ ऊर्जा सेक्टर की उपेक्षा का आरोप लगाया।

इतना ही नहीं, ऊर्जा मंत्री नागर ने पूर्व सीएम गहलोत पर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता से जुड़े विकास कार्यों में भी तीन बार के मुख्यमंत्री गहलोत झूठ बोल रहे हैं। जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छत्तीसगढ़ के सीएम का पूर्व में आवंटित कोल ब्लॉक के लिए धन्यवाद दिया और लंबित 2 कोल ब्लॉक के और स्थानांतरण के लिए आग्रह किया तो गहलोत ने इस पर राजनीति शुरू कर दी।

नागर ने बताया कि 2013 से 18 तक भाजपा सरकार ने बिजली कंपनियों के 62 हजार 400 करोड़ रूपए का ऋणभार उदय योजना के तहत चुकाया और 5 साल में इन कंपनियों को ऋण मुक्त कर 2607 करोड़ का वित्तीय लाभ की स्थिति में पहुंचा दिया था। जबकि 2019-23 तक फिर से कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन के चलते बिजली कंपनियों का घाटा 1 लाख 39 हजार करोड़ तक पहुंचा दिया गया। गहलोत सरकार ने डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को भी 88 हजार 700 करोड़ का कर्ज में डूबोया और समय पर कर्ज नहीं चुका पाने के चलते 300 करोड़ रूपए तो केवल पेनल्टी के तौर पर चुकाए है। ऐसे में कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन का खामियाजा प्रदेश की जनता को फ्यूल सरचार्ज के तौर पर चुकाना पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार ने अन्य राज्यों से बैंकिंग के माध्यम से बिजली उधार ली, जो भाजपा सरकार को गर्मी के सीजन में लौटानी पड़ी। इससे प्रदेश में बिजली व्यवस्था कुछ समय के लिए चरमरा गई।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश के बिजली घर कोयले के लिए तरसते रहे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद गहलोत सरकार आवंटित कोल ब्लॉक से समय पर खनन तक शुरू नहीं करवा पाई। ऐसे में प्रदेश में बिजली उत्पादन के लिए महंगा कोयला खरीदा गया। इसकी गुणवत्ता घटिया थी।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा महंगी दरों पर खरीदे गए कोयले में राख की मात्रा अधिक होने से उत्पादन निगम की यूनिटें बार-बार बंद तक हो गई। घटिया कोयला खरीदने से राज्य के थर्मल बिजलीघर अपनी क्षमता से 50 फीसदी ही उत्पादन कर पाए।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि राजस्थान सरकार पहली बार पम्प स्टोरेज परियोजना को शुरू कर रही है। इस योजना में चार से पांच घंटे की स्टोरेज मिलेगी और पीक ऑवर में उसकी सप्लाई की जाएगी।

सौलर और थर्मल पॉवर प्लॉट के साथ पंप स्टोरेज परियोजना राजस्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगी। वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार बिजली निगमों के प्रसारण तंत्र को मजबूत करने के लिए और मॉनेटाइजेशन की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए प्रसारण निगमों और पावर ग्रिड के बीच ज्वाइंट वेंचर कंपनी की स्थापना की जाएगी। इसके लिए तकरीबन 10 हजार करोड़ का निवेश होगा। सरकार सरकार ने लेखानुदान में भी इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट लाने की भी घोषणा की है। राजस्थान सरकार की दूरदर्शी सोच के चलते 2027 तक ऊर्जा सेक्टर में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा।

# हॉस्टल छात्रा से छेड़छाड़

**जयपुर ।** सांगानेर इलाके में एक हॉस्टल छात्रा से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि पिछले काफी समय से आरोपित उसका पीछा कर बीच रास्ते में पकड़ कर छेड़छाड़ कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी 23 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है। आरोप है कि पिछले काफी समय पहले पूरण नाम के लड़के से उसकी मुलाकात हुई थी। उसके बाद से आरोपित उसको बात करने का दबाव बना रहा है। हॉस्टल आने-जाने के दौरान उसका पीछा कर छेड़छाड़ करता है। कई बार समझाने का प्रयास करने पर भी पीछा कर छेड़छाड़ करना बंद नहीं किया। विरोध कर शिकायत करने की कहने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। टॉर्चर से परेशान होकर पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।